समाचार विज्ञप्ति

अपने खेल प्रेम को जारी रखने में सभी बच्चों को मिलेगी मदद

बजट 2024 खेल और मनोरंजक गतिविधियों की वित्तीय बाधाओं को दूर कर रहा है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि अलबर्टा के हर बच्चे को अपने खेल प्रेम को जारी रखने का मौका मिले।

खेल बच्चे के जीवन के शुरुआती चरणों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वे बच्चों को स्वस्थ आदतें और मौलिक जीवन कौशल जैसे टीम वर्क, नेतृत्व और प्रतिबद्धता सिखाते हैं जो उन्हें जीवन में सफलता के लिए तैयार करते हैं।

यदि बजट 2024 पारित हो जाता है, तो अलबर्टा सरकार एवरी किड कैन प्ले प्रोग्राम को $8 मिलियन प्रदान करेगी। कार्यक्रम प्रांत भर में अलबर्टा परिवारों के लिए बाधाओं को दूर करता है और बच्चों के खेल और मनोरंजक गतिविधियों को अधिक सुलभ और वहनीय बनाता है।

"खेल और मनोरंजन के अवसर सभी के लिए वहनीय और सुलभ होने चाहिए, विशेष रूप से छोटे बच्चों और युवाओं के लिए। वयस्क होने का एक महत्वपूर्ण हिस्से के तौर पर खेल मिल कर काम करना सिखाता है, आत्मविश्वास बढ़ाता है और स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा देता है जिसका लाभ हम आजीवन ले सकते हैं। मुझे गर्व है कि अलबर्टा सरकार परिवारों को एवरी किड कैन प्ले कार्यक्रम को सुनिश्चित कर वहनीय खेल सुविधा सुलभ करा रही है, ताकि उन सभी को यह सुलभ हो जिन्हें इसकी आवश्यकता है।

जोसेफ शॉ, पर्यटन और खेल मंत्री

“खेल बच्चों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। मुझे बहुत खुशी है कि यह कार्यक्रम बच्चों के लिए अपने साथियों, मार्गदशकों और समुदायों के साथ स्वस्थ तरीके से जुड़ना अधिक आसान और वहनीय बना देगा।”

सर्ल टर्टन, बाल और पारिवारिक सेवाएं मंत्री

"अलबर्टा के बच्चों को वहनीय खेल और मनोरंजन के अवसर मिलना अत्यंत महत्वपूर्ण है। मुझे यह देखकर खुशी हो रही है कि बजट 2024 अलबर्टा के परिवारों के लिए वित्तीय बाधाओं को दूर कर रहा है ताकि उनके बच्चों को वे अवसर मिल सकें जो जीवन भर रहने वाली यादों और स्वस्थ आदतों का निर्माण करेंगे।

नेथन न्यूडॉर्फ, वहनीयता और उपयोगिता मंत्री

एवरी किड कैन प्ले कार्यक्रम के माध्यम से, जो पात्र परिवारों को खेल और मनोरंजक गतिविधियों में अपने बच्चों की पंजीकरण राशि को हटाने के लिए किडस्पोर्ट अलबर्टा में आवेदन कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त, प्रांतीय और सामुदायिक गैर-लाभकारी संगठन खेल और मनोरंजन कार्यक्रमों तक पहुंच बढ़ाने के लिए अनुदान निधि के लिए आवेदन कर सकते हैं। पिछले साल, कार्यक्रम ने बच्चे और युवा-केंद्रित सामुदायिक-स्तरीय 50 कार्यक्रमों में मदद कर अलबर्टा में 8,500 से अधिक बच्चों और युवाओं के जीवन को बदलने के लिए $8 मिलियन का निवेश किया।

अनुकूल मनोरंजक और खेल संगठनों की मदद करने से खेलों की शक्ति का अनुमान लगाया जा सकता है जिससे अलबर्टा के बच्चों के चैंपियन के तौर पर शामिल करने और दुनिया को यह दिखाने में मदद मिलती है कि खेल सबके लिए हैं। ये संगठन अलबर्टा के बच्चों को जीवन बदलने वाले अवसरों और अनुभवों से जोड़ने में मदद करते हैं जो उन्हें वयस्क होने तक प्रेरित करते रहते हैं।

बजट 2024 स्वास्थ्य देखभाल और शिक्षा को सशक्त करने, सुरक्षित और सहायक समुदायों का निर्माण करने, प्रांत के संसाधनों का बुद्धिमत्तापूर्ण प्रबंधन करने और अलबर्टा के प्रतिस्पर्धात्मक लाभ का निर्माण जारी रखने के लिए रोजगार सृजन को बढ़ावा देने के लिए एक जवाबदेह योजना है।

त्वरित तथ्य

- एवरी किड कैन प्ले कार्यक्रम 2022 में रिटर्न टू प्ले प्रोग्राम के लिए सरकार के $4.5 मिलियन के निवेश की सफलता पर आधारित है, जिसे वित्तीय बाधाओं वाले परिवारों के लिए खेल, शारीरिक कार्यकलापों और मनोरंजन में भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए तैयार किया गया है।

सम्बन्धित जानकारी

- किडस्पोर्ट अल्बर्टा
- एवरी किड कैन प्ले कार्यक्रम

मल्टीमीडिया

- समाचार सम्मेलन देखें

मीडिया पूछताछ

केविन ली

587-785-4366

प्रेस सचिव पर्यटन और खेल